<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

>

Title: Regarding establishment of AIIMS in Darbhanga, Bihar - Laid

श्री कीर्ति आजाद (दरभंगा) : केंद्र सरकार ने 2015 -16 के बजट में बिहार के लिए दूसरा एम्स स्वीकृत किया था । मिथिलांचल का भू-भाग सर्वाधिक पिछड़ा क्षेत्र है । राज्य सरकार ने कुछ माह पूर्व लगभग ढाई वर्षों के जद्दोजहद के बाद दरभंगा के डी एम सी एच परिसर में एम्स स्थापित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था ।

केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के प्रस्ताव को इस आधार पर अस्वीकार कर दिया कि डीएमसीएच की हेरिटेज इमारतों को तोड़ा नहीं जा सकता है । इस आशय की जानकारी अखबारों से मिली है ।

डीएमसीएच के पास 257 एकड़ का विस्तृत भू-भाग है । एम्स के लिए 200 एकड़ जमीन की आवश्यकता है । 200 एकड़ के अलावा डीएमसीएच के पास से 57 एकड़ जमीन बचती है जिसमें यह हेरिटेज इमारतें भी स्थापित हैं और उनके अस्तित्व पर कोई संकट उत्पन्न नहीं होता ।

अतः राज्य सरकार के द्वारा दरभंगा में स्थापित करने के प्रस्ताव को अतिशीघ्र स्वीकार किया जाए ।